भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 04.12.2024

## महाप्रबंधक ने फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट के कर्मियों को रिकॉर्ड व्हीलों की फोर्जिंग के लिए किया सम्मानित

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में अप्रैल 2024 से 21 नवम्बर 2024 तक 8 माह से भी कम समय में कुल 23777 व्हीलों की फोर्जिंग कर अपने पिछले वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान की गई कुल 23631 व्हीलों की फोर्जिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया एवं इस उपलब्धि को अर्जित करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उनके अथक परिश्रम के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया।

आरेडिका के महाप्रबंधक ने कहा कि यह ऑपरेशन प्रोडक्शन एवं मैकेनिकल मेंटिनेस तथा इलेक्ट्रिकल एवं ऑटोमिशन की टीम के सामूहिक प्रयास से इस उपलब्धि को अर्जित करना संभव हो पाया है। आगे भी इसी तरह लगन के साथ कार्य करते रहने के लिए अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रेरित किया।

04/12/2024

(आर एन तिवारी )
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी